**संख्या: आईसीएमआर/भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ/एलडीसीई/सहायक/2025**

**भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ**

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**

**वी. रामलिंगास्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली**

दिनांक 16 अप्रैल 2026

# परिपत्र

**विषय: रिक्ति वर्ष 2025 एवं 2026 के लिए परिषद मुख्यालय में कार्यरत स्टाफ को सहायक (वेतन स्तर-6) के पदों पर पदोन्नति हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के (एलडीसीई) के- संबंध में।**

परिषद के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से परिषद के मौजूदा प्रशासनिक संवर्ग (समूह 'क', 'ख' एवं 'ग') भर्ती नियमावली, 2017 तथा दिनांक 13.08.2024 के संशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 16/155/2015-प्रशा./ई-155935 के अनुसार वेतन स्तर-6 में सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु वर्ष 2025 एवं 2026 के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

2. एलडीसीई के माध्यम से सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित 05 वर्ष की अर्हक सेवा की गणना सहायक के पद हेतु भर्ती नियमों के अनुसार प्रत्येक वर्ष की 1 अप्रैल की तारीख से की जाएगी। अतः 1 अप्रैल, 2025 तक 5 वर्ष की अर्हकता सेवा पूरी करने वाले प्रवर श्रेणी लिपिक (एलडीसीई) 2025 एवं 2026 में उपस्थित होने के पात्र होंगे और 1 अप्रैल 2026 तक 5 वर्ष कीअर्हकता सेवा पूरी करने वाले प्रवर श्रेणी लिपिक (एलडीसीई), 2026 में उपस्थित होने के पात्र होंगे। प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में न्यूनतम 5 वर्ष की नियमित सेवा प्रदान करने वाले और अपेक्षित शैक्षिक योग्यता रखने वाले परिषद मुख्यालय में कार्यरत योग्य प्रवर श्रेणी लिपिकों से ऑन्लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**अपेक्षित शैक्षिक योग्यता:**

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक डिग्री; तथा

(ii) कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान (एम.एस. ऑफिस / पावरपॉइंट)

3. परीक्षा की योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नानुसार हैं :-

| | |
|---|---|
| **परीक्षा की योजना** | **परीक्षा 100 अंकों की है जिसमें तीन चरण (चरण-I, II एवं III) शामिल हैं ।**<br>• **चरण-I:** बहुवैकल्पिक प्रश्न (MCQs) – 40 अंक, अवधि 1 घंटा (ऑनलाइन माध्यम)।<br>• **चरण-II:** वर्णनात्मक प्रश्न – 40 अंक, अवधि 1 ½ घंटा (ऑनलाइन माध्यम)।<br>• **चरण-III:** कंप्यूटर दक्षता– 20 अंक, अवधि 1 घंटा (केवल अंग्रेज़ी में) (कंप्यूटर पर)।<br>• प्रत्येक चरण में अर्थात् चरण-I, चरण-II एवं चरण-III के लिए अर्हक अंक अनारक्षित वर्ग के लिए 50% तथा अनु. जा./अनु.जन./दिव्यांगजन के लिए 40% अंक होंगे।<br>• प्रत्येक चरण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी चरण-I में अनुत्तीर्ण होंगे |

| | |
|---|---|
| | उनका चरण-II के लिए मूल्यांकन करने पर विचार नहीं किया जाएगा; इसी प्रकार जो अभ्यर्थी चरण-II में अर्हक अंक नहीं लांएगे, उनका चरण-III के लिए मूल्यांकन करने पर विचार नहीं किया जाएगा और जो अभ्यर्थी चरण-III में अर्हक अंक नहीं ला सकेंगे, उन पर आगे की प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किया जाएगा। |
| **परीक्षा का पाठ्यक्रम** | **चरण-I:** कार्यालय प्रक्रिया नियमावली, सीसीएस नियमावली (सीसीए, अवकाश, एलटीसी, आचरण आदि) जीएफआर, पेंशन नियम एवं एनपीएस नियम, एफआर एवं एसआर, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता एवं कार्यभार ग्रहण अवधि नियम, भर्ती/नियुक्ति एवं पदोन्नति, अग्रिम राशि, वेतन निर्धारण, आरटीआई अधिनियम, आरक्षण नियम, जीईएम के माध्यम से क्रय तथा संसद की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियाएँ।<br><br>**चरण-II:** टिप्पण लेखन एवं प्रारूपण; संक्षेपण लेखन।<br>**चरण-III:** एमएस पावरपॉइंट का उपयोग कर प्रस्तुतीकरण स्लाइड तैयार करना, एमएस वर्ड पर टाइपिंग एवं प्रारूपण, एमएस एक्सेल पर सूत्रों का उपयोग करते हुए डाटा प्रविष्टि, सारणीकरण एवं गणनाएँ करना। |
| **गुणवत्ता (मेरिट) सूची की तैयारी** | 100 अंकों में से प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम गुणवत्ता (मेरिट) सूची तैयार की जाएगी। |
| **समान अंक प्राप्त होने वाले मामलों का समाधान।** | एक से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने के मामले में, एक समान (टाई) मामले का समाधान इस प्रकार किया जाएगा:<br>1. सबसे पहले जन्मतिथि के आधार पर, जिसमें अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवर स्थान दिया जाएगा।<br>2. यदि (1) से समाधान नहीं होता है, तो गलत उत्तरों की संख्या के आधार पर समाधान किया जाएगा, जिसमें कम गलत उत्तर देने वाले अभ्यर्थी को प्रवर स्थान दिया जाएगा। |

4. एलडीसीई कोटा के अंतर्गत रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:-

| **रिक्ति वर्ष** | **रिक्तियों का विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | **अनारक्षित** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** |
| 2025 | 8 | 5 | 3 |
| 2026 | 0 | 1 | 0 |
| **कुल** | **8** | **6** | **3** |

5. वर्ष 2025 एवं 2026 की रिक्तियों के लिए एक संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों पर, उनकी एक वर्ष या दो वर्षों की पात्रता के अनुसार, दोनों वर्षों (2025 एवं 2026) की रिक्तियों के लिए अलग-अलग विचार किया जाएगा तथा प्रत्येक अभ्यर्थी को अंततः प्रदान किए गए कुल अंकों के आधार पर मेरिट क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा। **प्रत्येक वर्ष के लिए परिणाम अलग-अलग घोषित किए जाएंगे, ताकि यदि वर्ष 2025 में रिक्तियाँ शेष रह जाती हैं, तो उन्हें अगले रिक्ति वर्ष 2026 में स्थानांतरित किया जा सके और पात्रता मानदंडों की पूर्ति तथा रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा भरा जा सके।**

5.1 वर्षवार गुणवत्ता (मेरिट) सूची, रिक्तियों की संख्या, अभ्यर्थियों की मेरिट तथा अन्य सभी पात्रता शर्तें पूरी करने के आधार पर तैयार की जाएगी। अभ्यर्थी को उसकी मेरिट, रिक्तियों की स्थिति तथा अन्य पात्रता शर्तों के अनुसार उपयुक्त मेरिट सूची (श्रेणी एवं वर्ष) में स्थान दिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी का नाम किसी विशेष श्रेणी और वर्ष की मेरिट सूची में सम्मिलित किया जाता है, तो उसका नाम अन्य सूची(यों) में सम्मिलित करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. **अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि एलडीसीई एक प्रतियोगिता परीक्षा है, न कि केवल एक अर्हकता परीक्षा।** अभ्यर्थियों का अंतिम चयन उनकी मेरिट की स्थिति तथा प्रत्येक वर्ष अर्थात वर्ष 2025 एवं 2026 की संबंधित श्रेणी/यों में रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। केवल परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने मात्र से अभ्यर्थी का मेरिट सूची में शामिल होने अथवा पद पर चयन के लिए कोई दावा नहीं बनता है।

7. परीक्षा नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तारीख एवं स्थान की सूचना समयानुसार दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अल्प सूचना पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए तैयार रहें।

8. एलडीसीई में सम्मिलित होने हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से परिषद की वेबसाइट (https://recruitment.icmr.org.in/icmr_udc_ldce/index.php/login) पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से, वहाँ दिए गए विस्तृत अनुदेशों के अनुसार प्रस्तुत किया जाएगा।

9. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **04.05.2026 (सोमवार)** (सायं 05:00 बजे तक) है। **परिषद मुख्यालय के सभी नियमित प्रवर श्रेणी लिपिक** , जो ऊपर पैरा-2 में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे अंतिम तारीख से पूर्व ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।

9.1 ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद अभ्यर्थी उसे अपेक्षित दस्तावेजों सहित डाउनलोड कर प्रिंट निकालेंगे और परिषद मुख्यालय के स्थापना अनुभाग में जमा करेंगे।

9.2 परिषद मुख्यालय का स्थापना अनुभाग अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी को उनके सेवा अभिलेखों से सत्यापित करेगा तथा परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की सतर्कता मंजूरी परिषद मुख्यालय के सतर्कता अनुभाग से प्राप्त करेगा।

9.3 इसके बाद स्थापना अनुभाग सत्यापित आवेदन पत्रों को सतर्कता मंजूरी प्रमाणपत्र सहित **15.05.2026** तक भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ को अग्रेषित करेगा।

9.4 यदि किसी भी समय आवेदन पत्र में दी गई जानकारी गलत पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारी तथा विवरण प्रमाणित करने वाले अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक/प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

10. किसी भी अवधि की तदर्थ/कार्यवाहक नियुक्ति को नियमित सेवा नहीं माना जाएगा और इसे अभ्यर्थी की पात्रता निर्धारित करने में शामिल नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्र का आवंटन एम्स, नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा।

11. सक्षम प्राधिकारी किसी भी समय इस अधिसूचना तथा/या परीक्षा प्रक्रिया को संशोधित करने या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

12. आवेदन पत्र भरते समय यदि अभ्यर्थियों को कोई तकनीकी प्रश्न/कठिनाई आती है, तो वे query.rpcell@icmr.gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

(रीमा शर्मा)
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

**प्रतिलिपि:**

1. परीक्षा सहायक नियंत्रक, एम्स, नई दिल्ली-सूचनार्थ।
2. परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के निदेशक / निदेशक-प्रभारी-सूचनार्थ।
3. परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के सभी प्रभाग प्रमुख- सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. डॉ. एम.एस. चाल्गा, नोडल अधिकारी (ई-गव. सेल) - इस परिपत्र को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने और ऑनलाइन आवेदन पोर्टल प्रक्रिया को सक्रिय करने के अनुरोध के साथ।
5. गार्ड फाइल।